>

Title : Widening of National Highway Nos. 7 and 75.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 7 एवं 75 के चौड़ीकरण के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहा हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र सतना में राष्ट्रीय राजमार्ग 7 एवं 75 निकलते हैं। इन दोनों मार्गों की स्थिति कम चौड़ी होने के कारण इतनी खराब है कि हर रोज सड़क दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। अभी तक उसमें सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के नियम के मुताबिक प्रत्येक 40 कि.मी. में एक एम्बुलेंस तथा क्रेन का प्रावधान है जबकि दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग मेरे लोक सभा क्षेत्र के सैकड़ों कि.मी. से निकलते हैं लेकिन वहां कोई भी इस तरह की व्यवस्था नहीं है। मेरी मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 75 जो झांसी से वेला तक है, उसे 4 लाइन का बनाया जाए तथा सतना शहर चूंकि बहुत घनी आबादी का हो गया है, इसलिए तत्काल बाईपास रोड बनाने की स्वीकृति के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 7 जो वेला से झुकेही तक हमारे क्षेत्र में आता है, उसको 4 लाइन बनाने की स्वीकृति के साथ ही मैहर में रेलवे क्रासिंग पर बीओटी से ओवर ब्रिज बनाने की स्वीकृति 3 वर्ष पहले हुई थी लेकिन उसकी अंतिम स्वीकृति मंत्रालय ने आज तक नहीं दी। कृपया तत्काल स्वीकृति दे दी जाए। यह मैं मांग करता हूं ।